राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत

पोसोको कार्यालय मे दिनांक 24.12.2012 को प्रात: 11.00 बजे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको) के कक्ष में हुई जिसमे पोसोको कार्यालय व राष्टीय भार प्रेषण केन्द्र के निम्नलिखित अधिकारियों ने भाग लिया।

राजभाषा कार्यावयन समिति के सदस्य

श्री एस के सोनी, मु.कार्यपालक अधिकारी, अध्यक्ष

श्री वी के अग्रवाल, कार्यपालक निदेशक

श्री अवधेश मनि, सदस्य

श्री आर के बंसल , सदस्य

श्री एस आर नरसिम्हन,

श्रीमति मीनाक्षी गर्ग, सदस्या

श्री एस बडपंडा, सदस्य

श्री एस सी सक्सैना, सदस्य

श्री ए के मारवाह, सदस्य

श्री सुकांत मैत्रा

श्री अनिल मेहता, कार्यपालक सचिव(मा.सं)

श्री सुरेश कोहली, व. स.ज.अ.(नो.अ)

1.0 सर्वप्रथम श्री अशोक मारवाह, मुख्य प्रबंधक (मानव संसाधन विभाग) ने अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों का राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में पधारने पर हार्दिक स्वागत किया व पिछली तिमाही में राजभाषा हिंदी की प्रगति के बारे में अध्यक्ष महोदय व सभी सदस्यों को अवगत कराया और सभी विभागाध्यक्षों को उनके अधीन कार्मिकों को राजभाषा हिंदी में कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया ।

2.0 अध्यक्ष महोदय ने गत बैठक की समीक्षा की और कहा कि सभी अधिकारी किसी भी कार्यालीन कार्य के पेपरों पर राजभाषा हिंदी में ही हस्ताक्षर करें व अपने अधीनस्थ कार्मिकों को आग्रिम कार्यवाही हेतु हिंदी में

ही आदेश देवें । अध्यक्ष महोदय ने यह भी कहा कि इसका दृढता से पालन होना चाहिए। अध्यक्ष महोदय ने मिसिल के अंदर की तरफ हिंदी में टिप्पाणिया लिखवाने का सुझाव भी दिया । पोसोको कैंद्रीय कार्यालयों की दीवारों पर हिंदी की सूक्तियाँ लिखवाने के सुझाव का भी अध्यक्ष महोदय नें अनुमोदन किया व यह भी कहा कि अगली बैठक में सदस्यों के अलावा सभी कार्मिकों को भी आमंत्रित किया जाए जिससे यह पता चले कि राजभाषा हिंदी में कार्य करने में उन्हें अगर किसी समस्या का सामना करना पडे तो उस समस्या का निदान किया जा सके ।

3.0 अध्यक्ष महोदय ने हिंदी अधिकारी की नियुक्ति के लिए अपना अनुमोदन दिया व मानव संसाधन विभाग को कहा कि पावरग्रिड के कैंद्रीय कार्यालय में इस सम्बंध में विचार विमर्श कर के इस पर शीघ्र कार्यवाही की जाए ।

4.0 अध्यक्ष महोदय ने राजभाषा हिंदी का सम्मान करते हुए कहा कि राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक सुझाई गई तारीख पर ही होनी चाहिए ताकि किसी एक अधिकारी के न होने पर उसे टाला नहीं जा सके ।

5.0 अंत में मुख्य प्रबंधक(मा.सं) ने राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक में आने पर अध्यक्ष महोदय व अन्य सभी सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

अवलोकानार्थ प्रस्तुत है।

27.12.12

(अनिल मेहता)

कार्यपालक सचिव(मा.सं)

27 दिसंबर 2012

27/12/12

मुख्य प्रबंधक(मा.सं)

कार्यपालक निदेशक (रा.भा.प्रे.के.)

31.12.12

मुख्य कार्यपालक अधिकारी(पोसोको)

31/12/12

कापी: श्री आई आर किदवई, कार्यपालक निदेशक(मानव संसाधन विभाग), पावरग्रिड, गुडगांव